एम.सी.एम. डी.ए.वी. कॉलेज फॉर वीमेन द्वारा आयोजित आर्य समाज से सम्बंधित विभिन्न गतिविधियां वर्ष 2017–18

एम.सी.एम. डी.ए.वी. कालेज फॉर वूमैन सैक्टर–36 में दिनांक 24/7/2017 को नये शैक्षिक सत्र पर हवन का आयोजन किया गया । हवन में डी.ए.वी कालेज मैंनेंजिग समिति के सीनियर गवर्निंग बाडी मैंबर माननीय श्री एच.आर. गांधार एवं श्रीमती सुदेश गांधार आमंत्रित थे। इस अवसर पर महात्मा चैतन्य स्वामी कुलपति, गुरू विरजानंद गुरूकुल करतारपुर और कातायुमुनी विद्यापीठ उधमपुर मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित थे। इस अवसर पर महात्मा चैतन्य स्वामी जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि व्यक्ति अपने जीवन में भौतिकता की चकाचौंध को पीछे छोड़ आध्यात्मिकता में प्रवेश कर सकता है। आदरणीय श्री एच.आर. गांधार जी ने विद्यार्थियों से सृष्टि की शक्ति पर विश्वास करने के लिए आग्रह किया। कालेज की प्रिसीपल डा0 निशा भार्गव के अनुसार हवन के आयोजन का उ¼श्य आने वाले सत्र को एक सफल सत्र बनाने के लिए ईश्वर की कृपादृष्टि प्राप्त करने के साथ–साथ कालेज की अनमोल मूल्य व्यवस्था से भी छात्राओं को परिचित कराना है।

15 अगस्त 2017 को महाविद्यालय की छात्राओं ने सेक्टर 16 आर्यसमाज में आयोजित जन्माष्टमी पर्व पर बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कालेज की संगीत विभाग की छात्राओं ने भजन गायन प्रस्तुत किया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्ता एंव विद्यार्थी भी सम्मिलित हुए। कालेज के संस्कृत विभाग की अध्यक्षा डा0 सीमा कंवर ने देशभक्ति और कर्मयोगी कृष्ण पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया साथ ही उन्होंने गायन प्रस्तुति के लिए अन्य विद्यालयों से आए विद्यार्थियों के उत्साह वर्धन हेतु वैदिक संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित पुस्तकें वितरित कीं।

दिनांक 19/10/2017 को कालेज की आर्य समाज कमेटी के सदस्य आर्य समाज सैक्टर 16 द्वारा आयोजित ऋषि निर्वाण दिवस पर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर कालेज के गणित विभाग की प्रवक्ता डा. सोनिका द्वारा भजन गायन किया गया।

दिनांक 01/11/2017 को महाविद्यालय की आर्ययुवती समाज के द्वारा ऋषिवाटिका में हवन के आध्यात्मिक अनुष्Bान के बाद ''नशा एक अभिशाप'' विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में आयुषी को प्रथम काजल दुबे को द्वितीय एव छवि को तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया । इस अवसर पर प्रिंसीपल निशा भार्गव जी ने कहा कि कालेज द्वारा प्रदत विश्वस्तरीय शिक्षा और वैदिक मूल्यों को बढ़ावा देकर छात्राओं के समग्र विकास के लिए महाविद्यालय सदैव प्रयत्नशील रहता है।

दिनांक 26 नबम्वर 2017 को आर्यसमाज सैक्टर–16 के 53वें वार्षिक उत्सव में महाविद्यालय के आर्यसमाज कमेटी के सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कालेज के संगीत विभाग की छात्राओं ने भजन गायन किया और कालेज की प्राचार्या M॰ निशा भार्गव जी ने भजनगायन प्रस्तौता सभी विद्यालय एंव महाविद्यालय के विद्यार्थियों में मूल्यो पर आधारित लघु कथाओं की पुस्तकों से पुरस्कृत किया ।

दिनांक 1/12/2017 को कालेज की आर्यसमाज कमेटी के सदस्यों द्वारा हॉस्टल ए बी बलौक में छात्राओं के परीक्षा से पूर्व आशीर्वाद हेतु हवन का आयोजन किया गया । हवन में हर बलौक की छात्राएँ एंव वार्डन सम्मिलित हुईं । कमेटी की अध्यक्षा डा0 सीमा कंवर ने वेदविहित शिक्षा विधि से स्वाध्याय करते हुए कैसे परीक्षा में सफल हो सकते हैं बताते हुए छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। कालेज की प्राचार्या निशा भार्गव जी ने अपने प्रेरणास्पद वक्तव्य में सफल परिणाम प्राप्ति हेतु छात्राओं को शुभकामनाऐं देते हुए विविध विधियों से अवगत कराते g; उनका मार्गदर्शन किया।

हमारा कालेज वर्ष 2018 को अपनी स्थापना की स्वर्ण जयंती मना रहा है इस उपलक्ष्य में 2018 को 51 कुण्डों से सुवासित हवन को आयोजन किया गया। इस अवसर पर महात्मा चैतन्य मुनि जी यज्ञ ब्रहमा के रूप में उपस्थित थे। मां सत्यप्रिया यती जी के द्वारा मधुर, प्रेरक भजनों का गायन किया गया। इस आयोजन में डी.ए.वी. कालेज प्रबंधन समिति के वरिष्ठ गवर्निंग बाडी मेंबर एच.आर. गांधार तथा श्रीमती सुदेश गांधार बतौर मुख्य अतिथि थे । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आर के पोपली (पी.सी.एस डायरेक्टर हायर एजुकेशन

यू.टी.) पंजाब यूनिवर्सिटी के सिंडीकेट मेबर प्रिंसीपल गुरदीप शर्मा तथा रूसा के एडिशनल स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रोफेसर दिलीप कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस भव्य आयोजन में आर्यप्रादेशिक उप सभा (चण्डीगढ़ मोहाली, पंचकूला) के सदस्य एवं आर्य महिला संगठन के सदस्य भी सम्मिलित हुए। प्रिंसीपल निशा भार्गव ने पूर्व प्रिंसीपल के द्वारा कॉलेज के उत्थान में दिये गये योगदान की सराहना करते हुऐ कालेज को विकास के नये आयामों तक ले जाने का प्रण लिया।

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 29 जनवरी 2018 को आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा द्वारा आयोजित नैतिक शिक्षा परीक्षा का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। जिसमें संस्कृत विभाग के बी.ए. प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष की छात्राओं ने परीक्षा दी।

महर्षि दयानन्द जी के 194वें जन्म दिवस पर दिनांक 10 फरवरी 2018 को आर्य समाज कमेटी के सदस्यों के सहयोग से आर्य युवती समाज द्वारा हवन किया गया एवं ''महर्षि का जीवन एवं शिक्षायें ''विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बी.ए. द्वितीय वर्ष की ईशिता मुंजाल, बी.एस.सी. प्रथम वर्ष की विजेयता कुमारी तथा प्रथम वर्ष छवि ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान पाया।

दिनांक 15/02/2018 को महर्षि दयान्द जी के 194वें जन्मोत्सव पर डा0 सीमा कंवर, डा0 एकता एवं बी.ए. प्रथम वर्ष संस्कृति विभाग की छात्राऐं केन्दीय आर्य सभा चण्डीगढ़ पंचकूला, मोहाली द्वारा आयोजित शोभा यात्रा में सम्मलित हुई शोभा यात्रा सैक्टर 7 से प्रांरम्भ होकर आर्य समाज सैक्टर 27 में सम्पन्न हुई।